भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3999
27.03.2026 को जवाब दिया

केंद्रीय कुटीर उद्योग एम्पोरियम में बकाया देय राशियां

3999. श्रीमती ममता ठाकुरः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या यह सच है कि केंद्रीय कुटीर उद्योग एम्पोरियम की 202 करोड़ रुपये की देय राशि बकाया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज़ कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईसी) की दिनांक 31 मार्च, 2025 तक की नवीनतम ऑडिट की गई बैलेंस शीट के अनुसार, निगम की कुल बकाया राशि 144.82 करोड़ रुपये है। इसमें सीसीआई के कारोबार के लिए खरीदे गए उत्पादों और सेवाओं के लिए 34.36 करोड़ रुपये का व्यापारिक बकाया शामिल है, कर्मचारियों से संबंधित बकाए के रूप में 14.97 करोड़ रुपये और अन्य देनदारियों के तहत 95.49 करोड़ रुपये शामिल हैं।

*****